आफरी, जोधपुरद्वारामनायेंगयेस्वाधीनतादिवसकीरिपोर्ट

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा 15 अगस्त 2022 को स्वाधीनता दिवस एवं भारत की आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास से समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री एम. आर. बालोच, भा.व.से. द्वारा तिरंगा फहराया। इस अवसर पर आफरी परिवार को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की आजादी के लिये संघर्ष करने वाले स्वाधीनता सेनानियों एवं देश के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले वाले शहीदों को याद करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव का महत्त्व और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। श्री बालोच ने अपने उद्बोधन में संस्थान एवं देश के हित में कार्य करने का आव्हान किया। संस्थान में भर्ती नयें कर्मचारियों का स्वागत करते हुए संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर आमंत्रित अथितिगण डॉ. अजीत उचोई भा.व.से., मंडल वन अधिकारी एंव श्री उमाराम चौधरी, सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के द्वारा 2022 में उत्कृष्ट कार्यो हेतु श्री मनोज चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्रीमती कुसुम लता परिहार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को उनके द्वारा किए गए विभिन्न उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मीतासिंह तोमर, वरिष्ठ तकनीशियन को आफरी के शोध गतिविधयों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न एलईडी पोस्टर तैयार करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कोविड महामारी के दौरान झालामंण्ड एवं मधुबन पी. एच. सी. को उनके उल्लेखनीय सहयोग एवं योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आफरी के श्री सोहन लाल गर्ग, श्रीमती मीता सिंह तोमर एवं श्री सवाई सिंह राजपुरोहित ने देश-भक्ति गीत और कविता-पाठ प्रस्तुत किया। आफरी परिवार के बच्चों ने देश–भक्ति की कवितायेँ सुनाई । इसके पश्चात् आफरी प्रांगण में दौड़/स्लो साइकिलिंग/म्यूजिकल चेयर आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विभन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर श्रीमती अनीता, आई.एफ.एस., समस्त प्रभागाध्यक्ष, समस्त तकनीकी/गैर तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता, सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं मीडिया कवरेज डॉ. नवीन कुमार बोहरा द्वारा किया गया।

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
afri
Arid Forest Research Institute

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
afri
Arid Forest Research Institute

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
afri
Arid Forest Research Institute

afri

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION
वनस्पतयः शान्तिः

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION
वनस्पतयः शान्तिः

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION
वनस्पतयः शान्तिः

1
2
3